सं. ई-12012/01/2020-हिन्दी-डीजीएचएस/565-664

भारत सरकार

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय

(हिन्दी अनुभाग)

निर्माण भवन, नई दिल्ली

दिनांक 15/12/2020

विषय: वर्ष 2021 में केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा चलाये जाने वाले **ऑनलाइन** हिन्दी शब्द संसाधन/हिन्दी टंकण और हिन्दी आशुलिपि के अल्पकालिक गहन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संबंध में ।

कृपया उपर्युक्त विषय पर गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान के दिनांक 10.11.2020 के पत्र सं. 19013/1/2017/केहिप्रसं./369-1169 (प्रतिलिपि संलग्न) का संदर्भ लें जिसके तहत केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा वर्ष 2021 में चलाये जाने वाले हिन्दी आशुलिपि और हिन्दी शब्द संसाधन/हिन्दी टंकण प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन संबंधी सूचना भेजी है। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम नई दिल्ली के साथ-साथ कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु और मुंबई में **ऑनलाइन** चलाये जाएंगे, जिसकी विस्तृत जानकारी उक्त संदर्भित पत्र के अनुलग्नक 1 में दी गयी हैं।

महानिदेशालय के सभी अनुभागों/प्रकोष्ठों और सभी नियंत्रणाधीन कार्यालयों से अनुरोध है कि उपर्युक्त उल्लिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पात्र अधिकारियों/कर्मचारियों का नामांकन अनुलग्नक 3 में विहित प्रपत्र में प्राथमिकता के आधार पर इस अनुभाग को सूचित करते हुए सीधे केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान को भेजें।

संलग्नक: यथोपरि

(लक्ष्मी गर्ग)

सहायक निदेशक (राजभाषा)

अनुभाग अधिकारी, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के समस्त अनुभाग/प्रभाग/प्रकोष्ठ

प्रतिलिपि:

1. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव को सूचनार्थ ।
2. निदेशक (सीएसपी), स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय को सूचनार्थ ।
3. महानिदेशालय के सभी नियंत्रणाधीन कार्यालयों को आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
4. सुश्री सुमन लाल, प्रभारी निदेशक, 2 ए, पृथ्वीराज रोड, नई दिल्ली- 110011 को उनके दिनांक 10.11.2020 के पत्र सं. 19013/1/2017/केहिप्रसं./369-1169 के संदर्भ में सूचनार्थ ।
5. प्रभारी, आईटी प्रकोष्ठ, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।